मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 254, मुंबई, बुधवार, 23 नवंबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI



मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

## मुंबई हवाई अड्डे पर 20 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त



**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण बयूरो (एनसीबी) ने यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अफ्रीकी महिलाओं को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 20 करोड़ रुपये मूल्य की 2.8 किलोग्राम कोकीन जब्त की है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर एनसीबी की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने रविवार को हवाई अड्डे पर जाल बिछाया तथा अदीस अबाबा (इथियोपिया) से मुंबई पहुंची एक दक्षिण अफ्रीकी महिला को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान टीम ने विभिन्न आकार के आठ पैकेट से 2.8 किलोग्राम प्रतिबंधित सामग्री जब्त की।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# मुंबई में खसरे का प्रकोप

## अब तक 10 बच्चों की मौत

## नासिक में मरीज मिलने से दहशत



**संवाददाता / मुंबई।** मुंबई में खसरे का प्रकोप कम नहीं हो रहा है। शहर में खसरे के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इससे राज्य सरकार की चिंता बढ़ गई है। खबर के अनुसार, मुंबई में खसरे से 10 बच्चों की मौत हो चुकी है। इस बीच मुंबई के बाद अब नासिक शहर में भी खसरा के 4 संदिग्ध मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। महाराष्ट्र में खसरे के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए शिंदे सरकार अब एक्शन मोड में आ गई है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## 1 हजार की घूस के आरोप में गिरफ्तार ऑफिसर 20 साल बाद हुआ बरी, हाई कोर्ट ने सुनाया फैसला



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार एक भू-राजस्व ऑफिसर को बड़ी राहत दी हैं। हाई कोर्ट ने उसे 20 साल बाद इस आरोप से बरी कर दिया है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कागल तालुका में तैनात ऑफिसर को एक हजार रुपये की घूस लेने पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## ‘गुजरात चुनाव में वोट डालने के लिए दें छुट्टी, वर्ना होगी कार्रवाई’

## शिंदे सरकार का निजी कंपनियों को आदेश



**मुंबई।** गुजरात में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में छुट्टी देने का आदेश राज्य सरकार ने दिया है। हालांकि यह छुट्टियां सभी के लिए नहीं है। महाराष्ट्र सरकार ने गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 में मतदान के लिए राज्य के चार जिलों के मतदाताओं (गुजरात के) के लिए सवैतनिक अवकाश की घोषणा की है। सरकार ने यह आदेश राज्य के चार जिलों पालघर, नासिक, धुले और नंदुरबार के लिए जारी किया है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### गुजरात में दो चरणों में मतदान

गुजरात विधानसभा चुनाव की कुल 182 सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण के लिए 1 दिसंबर को और दूसरे चरण के लिए 5 दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में 89 सीटों और दूसरे चरण में 93 सीटों पर मतदान होगा। जबकि गुजरात विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे।

### दैनिक मुंबई हलचल
## जरूरी सूचना

सभी को सुचित किया जाता है कि अगर दै. मुंबई हलचल के नाम पर कोई व्यक्ति संवाददाता बता कर आपसे कोई भी गलत व्यवहार करता है तो आप तुरंत अपने स्थनीय पुलिस स्टेशन में जाकर उस व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराये, अगर आप उस व्यक्ति से कोई लेन-देन करते हैं तो उसका जिम्मेदार आप खुद होंगे.

धन्यवाद... संपादक

आप दै. मुंबई हलचल के कार्यालय में नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क कर सकते हैं
9820961360

## हमारी बात

### केजरीवाल और राहुल का फर्क



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी सचमुच जोखिम ले रहे हैं। राजनीति खास कर चुनावी राजनीति की जो टैक्टिकल लाइन होती है उसे वे छोड़ कर भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। जिस दिन उन्होंने विनायम दामोदर सावरकर का नाम लेकर और उन पर हमला करके कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया उसके एक दिन बाद ही उनकी यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता और नर्मदा बचाओ आंदोलन का चेहरा रहीं मेधा पाटकर शामिल हुईं। राहुल उनके कंधे पर हाथ रख कर चलते दिखे। भारतीय जनता पार्टी ने इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा में कहा कि मेधा पाटकर ने गुजरात और गुजरातियों को देश भर में बदनाम किया और ऐसे आदमी के साथ कांग्रेस नेता यात्रा कर रहे हैं। अब सोचें, क्या राहुल गांधी को पता नहीं था कि मेधा पाटकर के साथ यात्रा करने पर गुजरात में पार्टी को नुकसान हो सकता है? उनको पता था फिर भी उन्होंने अपनी विचारधारा की वजह से जोखिम लिया। इसी मामले में बिना विचारधारा वाली आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी का फर्क दिखता है। जब गुजरात के चुनाव की घोषणा नहीं हुई थी तब कहीं से यह खबर मीडिया में प्लांट की गई कि आम आदमी पार्टी मेधा पाटकर को गुजरात में मुख्यमंत्री का चेहरा बना सकती है। इस बात पर केजरीवाल इस तरह भड़के कि सारी मयार्दा भूल गए। उन्होंने इसे झूठी खबर बताते हुए कहा कि उन्होंने भी सुना है कि भारतीय जनता पार्टी सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री का चेहरा बनाने जा रही है। सोचें, मेधा पाटकर का नाम जोड़े जाने भर से केजरीवाल कितना भड़के थे और राहुल उनके कंधे पर हाथ रख कर चल रहे थे।

# गुजरात में भाजपा कितने भरोसे में?

**वह हिंदुत्व की राजनीति के दो सबसे बड़े आइकॉन- नरेंद्र मोदी और अमित शाह का गृह प्रदेश भी है। अगर वहां नतीजे ऊपर नीचे हुए तो हिंदुत्व के एजेंडे के अजेय होने की धारणा टूटेगी और तब उसकी नींव पर खड़ी भाजपा की इमारत को ढहते देर नहीं लगेगी।**




**भारतीय जनता पार्टी** का दावा है कि वह गुजरात में चुनावी जीत का पिछला सारा रिकॉर्ड तोड़ेगी। पार्टी का दावा डेढ़ सौ के करीब सीटें जीतने का है। बड़ी जीत का दावा इस वजह से काफी हद तक तार्किक दिख रहा है कि इस बार विपक्ष का वोट बंट रहा है। पिछले कई चुनावों में ऐसा पहली बार हो रहा है कि त्रिकोणात्मक मुकाबला हो रहा है। अब तक भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होता था। इस बार आम आदमी पार्टी भी पूरी ताकत से चुनाव लड़ रही है और हर सर्वेक्षण में उसे अच्छा खासा वोट मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है। सो, भाजपा को दो कारणों से बहुत भरोसे में रहना चाहिए। पहला कारण यह कि विपक्ष यानी कांग्रेस का पारंपरिक वोट बंट रहा है और दूसरा कारण यह कि भाजपा के खिलाफ 27 साल के राज और आठ साल के डबल इंजन की सरकार की वजह से जो सत्ता विरोध वोट बना है वह एकमुश्त किसी पार्टी को नहीं जाएगा। दो पार्टियां उसकी दावेदार हैं।

यह भी ध्यान रखने की जरूरत आमतौर पर पिछले पांच-छह चुनावों से भाजपा को 50 फीसदी के आसपास वोट मिलते रहे हैं। पिछले चुनाव में यानी 2017 में जब कांग्रेस के साथ कांटे की टक्कर हुई थी तब भी भाजपा को 49 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे पार्टी 99 सीटों पर सीमित हो गई थी। उससे पहले यानी 2012 के चुनाव में भी भाजपा को 47 फीसदी वोट मिले थे और उसे 115 सीटें मिली थीं। इसका कारण यह था कि 2012 के चुनाव में भाजपा के दिग्गज नेता केशुभाई पटेल ने गुजरात परिवर्तन पार्टी नाम से अलग पार्टी बना ली थी। उनकी पार्टी सिर्फ दो ही सीट जीत पाई लेकिन उसे चार फीसदी के करीब वोट मिले थे। वह वोट सत्ता विरोधी वोट था, जो कांग्रेस की ओर जाने की बजाय केशुभाई की पार्टी के साथ चला गया। इसका फायदा भाजपा को यह हुआ कि वह 115 सीटें जीत गई। दो साल के बाद केशुभाई की पार्टी का भाजपा में विलय हो गया। इसके अगले चुनाव में भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला था तो 49 फीसदी वोट हासिल करने को बाद भी भाजपा की सीटें तीन अंकों में नहीं पहुंच पाई। जाहिर है एक वोट काटने वाली पार्टी हो तो भाजपा को ज्यादा फायदा होता है। इस बार तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों पूरी ताकत से लड़ रहे हैं। सो, भाजपा को ज्यादा आत्मविश्वास में होना चाहिए। लेकिन भाजपा जिस अंदाज में चुनाव लड़ रही है उससे कुछ दूसरी तस्वीर दिख रही है। वह बहुत भरोसे में नहीं लग रही है। तभी सवाल है कि क्या चुनाव को लेकर भाजपा के अंदरूनी सर्वेक्षण या जमीनी रिपोर्ट में कुछ निगेटिव फीडबैक मिली है या स्वाभाविक रूप से वह इस तरह से चुनाव लड़ रही है? ध्यान रहे भाजपा हर चुनाव में अपनी सारी ताकत झोंकती है। छोटे से छोटे राज्य के चुनाव में भी नरेंद्र मोदी पूरी ताकत लगाते हैं और करो या मरो के अंदाज में लड़ते हैं। उनके साथ साथ पूरी पार्टी प्रचार में उतरती है और हर तरह के साधन का इस्तेमाल चुनाव में किया जाता है। इसलिए हैरानी नहीं है कि पार्टी कारपोट बॉम्बिंग के अंदाज में प्रचार कर रही है। सारे मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री गांव गांव घूम रहे हैं और सभाएं कर रहे हैं।

भाजपा के इस अंदाज में प्रचार करने को लेकर हैरानी नहीं है। हैरानी यह है कि विकास के तमाम दावों के बावजूद इस बार भाजपा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के नजरिए से चुनाव लड़ रही है। पिछले दो दशक साल में संभवतः पहली बार हो रहा है कि गुजरात के 2022 के चुनाव में 2002 के चुनाव के सूत्र दिखाई दे रहे हैं। राजनीति के जानकार गुजरात दंगों की छाया चुनाव पर देख रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि पार्टी ने गुजरात दंगों में हुए नरोदा पाटिया नरसंहार में दोषी ठहराए गए मनोज कुकरानी की बेटी पायल कुकरानी को टिकट दिया है। पायल को नरोदा पाटिया नरसंहार वाली सीट से ही टिकट दिया गया है। उनके पिता मनोज कुकरानी 2015 से जमानत पर बाहर हैं और वे खुल कर बेटी के लिए प्रचार कर रहे हैं। इसी तरह बिलकिस बानो के बलात्कारियों की रिहाई पर उनको संस्कारी बताने वाले विधायक को भी पार्टी ने फिर से टिकट दिया है। पूरे चुनाव प्रचार में एक सांप्रदायिक अंडरटोन सुनाई दे रही है, जिससे आभास हो रहा है कि भाजपा कहीं न कहीं घबराई हुई है। यह घबराहट आम आदमी पार्टी के हिंदुत्व प्लस मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा से हो सकती है। अगर ऐसा नहीं होता तो गुजरात के चुनाव प्रचार में आफताब अमीन पूनावाला की एंट्री शायद नहीं होती। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने आफताब का डर दिखा कर गुजरात में वोट मांगा है। उन्होंने अपनी पहली सभा में कहा कि नरेंद्र मोदी को नहीं जिताया तो हर शहर में आफताब पैदा होगा। सरमा ने गुजरात चुनाव में वोट देने के साथ साथ लोगों से यह भी अपील कर डाली कि आफताब जैसों को रोकने के लिए मोदी को 2024 में भी जिताएं। अपनी लिव इन पार्टनर श्रद्धा वाकर की हत्या करने और उसके शव के 35 टुकड़े करने की घटना को सरमा ने ग्राफिक्स डिटेल में लोगों को समझाया। सो, दिल्ली की इस घटना के बारे में विस्तार से बता कर गुजरात के लोगों को आफताब जैसों का डर दिखाना और वोट मांगना मामूली नहीं है। आफताब से पहले गुजरात के चुनाव में बुलडोजर की भी एंट्री हुई थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रचार के लिए गुजरात गए तो उनकी सभाओं में लोग बुलोडोजर पर सवार होकर पहुंचे। भाजपा ने बड़ी संख्या में बुलडोजर का इंतजाम किया। सभा की जगहों पर बुलडोजर के कटआउट लगाए गए और बुलडोजर का मॉडल बनवा कर लगवाया गया। ध्यान रहे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर का मॉडल विकसित किया है, जिसमें आरोपियों के घर बुलडोजर से गिराए जाते हैं। अगर आरोपी अल्पसंख्यक समुदाय का हो तो बुलडोजर की कार्रवाई तत्काल होती है। इस कार्रवाई के लिए दोषसिद्धी की जरूरत नहीं है। आरोप लगते ही बुलडोजर चलने लगता है। सोचें, जिस राज्य गुजरात को विकास का मॉडल बनाया गय और उसे दिखा कर पूरे देश में वोट मांगा गया वहां भाजपा को उत्तर प्रदेश के बुलडोजर मॉडल पर वोट मांगने की जरूरत पड़ रही है तो इसका मतलब है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है।

सांप्रदायिक अंडरटोन के साथ साथ गुजराती अस्मिता का मुद्दा भी बहुत उछल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मेधा पाटकर के कांग्रेस की यात्रा में शामिल होने का मुद्दा बनाया और कहा कि जिस महिला ने गुजरात को पूरी दुनिया में बदनाम किया, कांग्रेस नेता उसके साथ यात्रा कर रहे हैं। तभी अस्मिता की राजनीति भी कुछ अलग संकेत देने वाली है। हालांकि यह भी हो सकता है भाजपा अतिरिक्त सावधानी बरत रही हो क्योंकि गुजरात का महत्व सबको पता है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रचार के लिए गुजरात गए तो उन्होंने कहा कि गुजरात भाजपा के लिए उत्तर प्रदेश से भी ज्यादा अहम है। गुजरात वह राज्य है, जिसमें भाजपा की जान बसती है। वह हिंदुत्व की प्रयोगशाला रही है। वह हिंदुत्व की राजनीति के दो सबसे बड़े आइकॉन- नरेंद्र मोदी और अमित शाह का गृह प्रदेश भी है। अगर वहां नतीजे ऊपर नीचे हुए तो हिंदुत्व के एजेंडे के अजेय होने की धारणा टूटेगी और तब उसकी नींव पर खड़ी भाजपा की इमारत को ढहते देर नहीं लगेगी।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बड़े ही अकीदत वह एहतराम के साथ मनाया जाएगा कुतुबे ए कोकन पीरो मुर्शिद हजरत युसूफ शाह कादरी चिश्ती पीर कमर अली दुर्वेश जरापी गोरेगांव रहमतुल्ला ताला अलैहे का 22 वां उर्स ए शरीफ

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**रायगढ़।** जिला रायगढ़ कोकन गोरेगांव नामी गांव में गत 23 नवंबर बुधवार को बड़े ही अकीदत व एतराम के साथ कुतुबे ए कोकन पीरो मुर्शिद हजरत यूसुफ शाह कादरी चिश्ती पीर कमर अली दुर्वेश जरापी गोरेगांव रहमतुल्ला ताला अलैह का 22 वा उर्स ए शरीफ मनाया जाएगा आपको बताते चलें हजरत यूसुफ शाह यह वह अल्लाह के वाली है जिनका वर्ष 2020 में आप ने समाधि ली थी और 38 दिन के बाद आपकी तुरबत को खुदा गया आपके वजूद को तो क्या कफन को दाग नहीं था यह करिश्मा आप ने दिखाया था अल्लाह ताला ने आपको इतना बड़ा मर्तबा दिया है आप का मजार शरीफ रायगढ़ जिला के कोकन गोरेगांव में उपस्थित है जिसमें हजारों लोग अपनी मनोकामना पूरी कर रहे हैं और हर वर्ष की तरह आपका इस वर्ष भी उर्स ए शरीफ बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा यह उर्स ए शरीफ की रूपरेखा कुछ इस तरह से सुबह सवेरे 10 बजे



परचम कुशाई की जाएगी उसके बाद गुसले शरीफ दिया जाएगा फिर दुआ की जाएगी और 2 बजे के बाद आपका संदल शरीफ निकाला जाएगा यह संदल शरीफ पूरे गोरेगांव में गश्त करता हुआ आप की मजार शरीफ पर तमाम खुल्फाइकराम और आशिक मुरीदो की उपस्थिति में संदल पेश किया जाएगा फिर पीरो मुर्शिद हजरत युसुफ शाह कादरी रहमतुल्ला ताला अलैहे के कलाम पढ़े जाएंगे फिर फातिहा दी जाएगी और उसके बाद दुआएं खैर की जाएगी शाम 5 बजे खिलाफत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा यह कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मगरिब बाद लंगर खिलाया जाएगा और ईशा के बाद जश्ने कव्वाली का आयोजन किया गया है जिसमें बड़े कव्वाल आकर हजरत युसूफ शाह कादरी रहमतुल्ला ताला अलैहे के कलाम पढ़े जाएंगे और सुबह 4:30 बजे इस कव्वाली का समापन किया जाएगा और उसके बाद दुआ की जाएगी इस तरह से पीरो मुर्शिद हजरत युसूफ शाह कादरी चिश्ती रहमतुल्ला ताला अलैहे का उर्स ए शरीफ संपन्न किया जाएगा गौरतलब बात तो यह है इस मजार शरीफ पर आकर जो भी जाहिरीन अपनी मन्नतों मुराद मानते हैं अल्लाह ताला इनके सदके तुफैल में सभी नेक और जायज तमन्ना को पूरा फरमाता है और अल्लाह ताला से यह भी दुआ है कि मेरे पीरो मुर्शिद हजरत यूसुफ कादरी चिश्ती रहमतुल्ला ताला अलैहे के सदके तुफैल से मेरी जो भी नियत है उसे पूरी फरमा दे आमीन।

# एमआईएम का बढ़ता जनाधार को देखते हुए एनसीपी, बीजेपी, समाजवादी, बहुजनअघाडी पार्टियों के पदाधिकारी द्वारा किया गया पार्टी में प्रवेश

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंब्रा।** जिस प्रकार एमआईएम पार्टी द्वारा शहर विकास के कामों को लेकर आवाज बुलंद करती हुई नजर आती है और एक अहम भूमिका विपक्ष की निभाई जा रही है उसको देखते हुए मुंब्रा शहर की कई पार्टी के पदाधिकारी द्वारा एमआईएम पार्टी में प्रवेश किया गया है इस मामले में जानकारी देते हुए एमआईएम के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष सैफ पठान ने बताया कौसा देवरी पाड़ा स्थित एमआईएम कार्यालय पर आज कई पार्टियों के पदाधिकारियों द्वारा एमआईएम में प्रवेश किया गया है इसमें एनसीपी, समाजवादी, बीजेपी, बहुजनअघाड़ी इन तमाम पार्टियों द्वारा आज एमआईएम पार्टी में प्रवेश किया गया है एनसीपी पार्टी के पदाधिकारी समीर मालिक यूथ प्रेसिडेंट मुंब्रा ब्लॉक द्वारा बताया गया है मेरा आज एमआईएम में



प्रवेश करने का यही कारण है मै एनसीपी में रहा और किसी प्रकार का कोई भी विकास कार्य मुंब्रा शहर में नहीं किया गया राज्य में सरकार रहने के बावजूद भी एनसीपी फेलियर रही सिर्फ झूठ की राजनीति एनसीपी द्वारा की गई मैंने देखा टोरेंट पावर से जनता त्रस्त है सरकारी अस्पताल का कार्य 10 वर्षो से चल ही रहा है और अब तक सही तरीके से सरकारी अस्पताल को शुरू नहीं किया गया उसके बाद सरकारी स्कूल में अध्यापक का अता पता नहीं है यानी एनसीपी द्वारा कोई विकास कार्य मुंब्रा शहर में नहीं किया गया है सिर्फ विकास का ढिंढोरा पीटा गया जोकि एमआईएम ने हमेशा विपक्ष की अच्छी भूमिका निभाई हैं एनसीपी पार्टी के कई कार्यकर्ता एमआईएम में शामिल होना चाहते हैं परंतु किसी न किसी की कोई मजबूरी के कारण वह रुके हुए हैं और जिस प्रकार सैफ पठान शहर के विकास कार्यों को लेकर आवाज उठाते हैं उन को देखते हुए आज मै एमआईएम मै प्रवेश कर रहा हू ताकि हम मुंब्रा शहर की जनता के जो भी मसले मसाइल हैं उसको हल करने की पूरी कोशिश करेंगे उसके बाद बीजेपी समाजवादी पार्टी बहुजनअघाडी पार्टी के पदाधिकारी द्वारा यही प्रतिक्रिया दी गई जिस प्रकार एमआईएम शहर के मुद्दों को लेकर बेधड़क आवाज उठाती है और सत्ताधारी पार्टी की आंख में आंख डाल कर बात करती है और यही कारण है कि जिसकी वजह से हम लोगों ने एमआईएम पार्टी में प्रवेश किया है सैफ पठान ने बताया कि अभी तो यह शुरूआत है जिस दिन मनपा प्रशासन द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा की जाएगी उसके बाद शहर के कई पूर्व नगरसेवक भी हमारी पार्टी में ही होंगे और आने वाले मनपा चुनाव मै एमआईएम मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और मुंब्रा की जनता को उनका हक दिलाकर रहेगी जिससे मुंब्रा शहर की जनता वर्षों से वंचित रही है इंशाल्लाह।

# पहले खुद को लगाई आग, फिर गर्लफ्रेंड से लिपट गया, युवक की मौत

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**औरंगाबाद।** एक तरफा प्रेम के मामले में युवती के शरीर में पेट्रोल डालकर और खुद भी अपने शरीर में आग लगा लेने वाले युवक गजानन मुंडे की इलाज के दौरान मौत हो गई। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के छात्र गजानन मुंडे ने शादी करने से मना करने पर खुद को आग लगा ली और संबंधित लड़की को भी अपनी बांहों में जकड़ लिया। इसमें दोनों जल गए और अधिक जल जाने की वजह से इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इस मामले में मृतक गजानन के माता-पिता के खिलाफ भी पीड़िता को शादी करने के लिए धमकी देने के आरोप में बेगमपुरा पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारियों के मुताबिक गजानन लगातार प्रेमिका पर शादी करने के लिए दबाव बना रहा था, पीड़िता बारबार उसके प्रस्ताव को ठुकरा रही थी। इस वजह से वह बेहद गुस्से में आ गया और उसने खुद को आग लगाई और उससे लिपट गया। इस वजह से दोनों के शरीर बुरी तरह से झुलस गए। कल (मंगलवार, 22 नवंबर) जूलॉजी विषय में पीएचडी कर रही पीड़िता अपने बायोफिजिक्स विभाग के हेड के केबिन में गई थी और वहां अपने प्रोजेक्ट तैयार कर रही थी। इसी बीच उसका सहपाठी गजानन दो बोतलों में पेट्रोल भरकर ले आया। इसके बाद अपने और पीड़िता के शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर उसने खुद के शरीर में आग लगा ली। आग जब भड़क उठी तो वह पीड़िता से जाकर लिपट गया। चीखपुकार सुन कर वहां मौजूद लोग तुरंत जमा हो गए और किसी तरह आग बुझा कर उन्हें पास के सरकारी अस्पताल में ले गए। दोनों गंभीर रूप से जल गए थे। युवक करीब 90 फीसदी जल गया और पीड़िता 40-50 फीसदी जल गई। अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात करीब 11 बजे गजानन ने दम तोड़ दिया। पीड़िता का इलाज शुरू है उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई हवाई अड्डे पर 20 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त

इन्हें दो जोड़ी जूतों और दो पर्स में छिपाकर रखा गया था। अधिकारी ने बताया कि इस मादक पदार्थ की कीमत 20 करोड़ रुपये आंकी गयी है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान मिरांडा एस नामक इस महिला ने बताया कि वह यह खेप पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्र अंधेरी के एक होटल में एक व्यक्ति को पहुंचाने वाली थी। उन्होंने बताया कि उसके तत्काल बाद एनसीबी की एक टीम होटल पहुंची और निगरानी बढ़ा दी। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद एक नाईजीरियाई महिला पहुंची एवं इंतजार करने लगी, उसकी गतिविधियां संदिग्ध नजर आयीं। अधिकारी ने बताया कि एच मूसा नामक इस दूसरी महिला को अधिकारियों ने पकड़ लिया और उसने कबूल किया कि वह यह खेप लेकर मुंबई में विभिन्न जगह पहुंचाने वाली थी।

### मुंबई में खसरे का प्रकोप

स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने इस संबंध में आज मंत्रालय में एक अहम बैठक बुलाई है। मुंबई में खसरे के मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। गोवंडी में डेढ़ साल की बच्ची की मौत हो गई है। इसके साथ ही शहर में संदिग्ध खसरे से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। इनमें से एक मौत मुंबई के बाहर ठाणे जिले के भिवंडी से हुई है। बताया जा रहा है कि गोवंडी में एक डेढ़ साल की बच्ची को 3 नवंबर को बुखार और खांसी हुई। 5 नवंबर को उसके शरीर पर दाने निकल आए। 11 नवंबर को उसकी हालत बिगड़ने पर उसे आईसीयू में एडमिट किया गया। मुंबई में सोमवार खसरे के 24 नए मरीज मिले हैं। मुंबई के गोवंडी डिवीजन में सबसे ज्यादा 6 मरीज मिले हैं। उसके बाद कुर्ला में 5, अंधेरी पूर्व में 3, प्रभादेवी, गोरेगांव और कांदिवली में दो-दो मामले सामने आये हैं। जबकि भायखला, माटुंगा, भांडुप, चेंबूर में एक-एक मामला सामने आया है। इसके साथ ही खसरा मरीजों की संख्या बढ़कर 208 हो गई है। मुंबई में खसरे के संदिग्ध मरीजों की संख्या 3 हजार 208 है। इन संदिग्ध रोगियों को विटामिन 'ए' की दो खुराक दी जा रही है और उन पर निगरानी रखी जा रही है। वर्तमान में खसरा से पीड़ित 26 मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है, जबकि एक मरीज को लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है। वहीं, खबर है कि मुंबई के बाद अब नासिक में भी खसरे के चार संदिग्ध मरीज मिलने से हड़कंप मच गया। इन चारों संदिग्ध बच्चों के ब्लड सैंपल जांच के लिए मुंबई भेजे गए हैं। नासिक में खसरे का खतरा बढ़ने से स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। रिपोर्ट मिलने पर स्वास्थ्य विभाग शहर में सर्वे करने की तैयारी कर रहा है।

### गुजरात चुनाव में वोट डालने के लिए दें छुट्टी...

महाराष्ट्र सरकार ने एक जीआर जारी किया है, जिसमें पालघर, नासिक, नंदुरबार और धुले जैसे महाराष्ट्र के सीमावर्ती जिलों में काम करने वाले गुजरात विधानसभा के मतदाताओं के लिए एक दिन की छुट्टी की अनुमति दी गई है। सभी प्राइवेट कंपनियों को भी इसका पालन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जीआर में कहा गया है कि यदि इस आदेश का उल्लंघन किया जाता है, तो कार्रवाई की जाएगी। यह सवैतनिक अवकाश 1 और 5 दिसंबर के लिए होगा। राज्य सरकार के उद्योग, ऊर्जा और श्रम विभाग ने इस संबंध में एक परिपत्र जारी किया है। बता दें कि गुजरात से बड़ी संख्या में लोग हर दिन नौकरी करने गुजरात की सीमा से लगे महाराष्ट्र के पालघर, नासिक, धुले और नंदुरबार जिले आते हैं और कई इन जिलों में रहते है। इसलिए दो चरणों में होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए दो दिन की छुट्टी की घोषणा की गई है ताकि वे मतदान कर सकें। बताया जा रहा है कि केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य सरकार ने यह आदेश जारी किया है. जिला कलेक्टर, राज्य चुनाव आयोग, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित गुजरात के मुख्य चुनाव अधिकारी को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया है। साथ ही आदेश का पालन करवाने का निर्देश दिया गया है।

### 1 हजार की घूस के आरोप में गिरफ्तार ऑफिसर 20 साल बाद हुआ बरी

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक हजार का घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार भू-राजस्व अधिकारी को 20 साल बाद बरी करने का फैसला सुनाया है। बाबूराव भोई 1997 से 2002 तक महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के कागल तालुका में साके-सज्जा में तलाथी के तौर पर काम कर रहे थे। उन्होंने भूमि रिकॉर्ड बदलने के लिए 1 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। दरअसल सरकार एक नहर निर्माण परियोजना के लिए इलाके में भूमि का अधिग्रहण कर रही थी। इस दौरान कई भूमि मालिकों को पर्याप्त मुआवजा दिया गया था। इस प्रोसेस के दौरान ही एक भूमि मालिक ने शिकायत दर्ज की थी कि परियोजना के लिए उसकी जमीन ले ली गई लेकिन उसे मुआवजा नहीं दिया गया।

# भव्य संगीत समारोह के साथ मनाया गया आसियान-भारत संबंधों के 30 वर्ष पूरे होने का जश्न



**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के बीच राजनयिक संबंधों के 30 वर्ष पूरे होने की खुशी में यहां पुराना किला में आयोजित तीन दिवसीय संगीत समारोह का रविवार को समापन हुआ। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सांस्कृतिक संगठन सहर के सहयोग से आसियान-भारत संगीत समारोह का आयोजन किया। 2022 को आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में चिह्नित करते हुए इस संगीत समारोह का आयोजन हुआ। विदेश मंत्रालय ने संगीत समारोह के लिए कई आसियान देशों की मेजबानी की, जिनमें इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम और सिंगापुर शामिल रहे। कार्यक्रम में भारतीय कलाकारों में पापोन, जोनिता गांधी, अमर जलाल, राघव मित्तल और विशाल एवं शेखर की प्रसिद्ध जोड़ी ने शानदार प्रस्तुति दी। इसके अलावा आसियान देशों से कुल 10 बैंडों ने प्रस्तुति दी, जिनमें वियतनाम की ट्राई मिन्ह की चौकड़ी (क्वार्टेट), मलेशिया की इंस्टामुजिका, ब्रुनेई की एम्प्टी वॉलेट के साथ ही सिंगापुर से लाइनिंग बैंड और इंडोनेशिया से रियाउ रिदम शामिल रहे। इस संगीत समारोह के समापन के बाद विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने ट्वीट किया, आसियान-भारत सांस्कृतिक जुड़ाव को बढ़ावा मिला। पुराना किला में आसियान-भारत संगीत कार्यक्रम के समापन समारोह में आसियान और भारत के बैंड की शानदार प्रस्तुति देखी। आसियान-भारत संबंधों और हमारे गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाया।

## उदयपुर के ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील कुमार त्रिपाठी भगवान परशुराम अलंकरण सम्मान से सम्मानित



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** विप्र वाहिनी के तत्वाधान में शनिवार को उदयपुर सेक्टर- 4 स्वागत वाटिका में विप्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा, साहित्य संगीत, खेल, समाज सेवा, चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समाज की 41 प्रतिभाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। विप्र वाहिनी के प्रदेश महासचिव डॉ. विक्रम मेनारिया, समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा थी अध्यक्षता मावली विधायक धर्म नारायण जोशी ने की। विशिष्ट अतिथि के.के शर्मा, राधेश्याम सिखवाल, कार्यक्रम संयोजक प्रदीप नागदा, डॉ. पंकज उपाध्याय, अरुण सनाढ्य, पंडित गणेश लाल नागदा, हिम्मतलाल नागदा एवं सभी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित थे' इस अवसर पर सत्य सनातन धर्म एवं वैदिक संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवा कार्य लिए ज्योतिषाचार्य पंडित सुनील कुमार त्रिपाठी को 'भगवान परशुराम अलंकरण' से अलंकृत किया गया। संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया एवं आभार प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेश चौबीसा ने व्यक्त किया।

## गीतकार नरेन्द्र को मिला सहभागिता सम्मान

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** मगही पत्रिका, नई दिल्ली और गोपाल अस्पताल, निरामय नगर, नौबतपुर (पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मगही महोत्सव एवं मगही पुस्तक मेला में शानदार प्रदर्शन के लिए वरिष्ठ गीतकार नरेन्द्र प्रसाद सिंह को सम्मान पत्र, शाल, फोल्डिंग फाइल और फूल की लड़ियों से संपादक धनंजय श्रोत्रिय और स्वागताध्यक्ष डॉ. डी. सी. मिश्र ने 21 नवंबर,2022 को नौबतपुर, पटना में सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने बताया कि 20 नवंबर से लगातार 27 नवंबर तक चलने वाले इस पुस्तक मेला और मगही महोत्सव में देश के कोने- कोने से साहित्यकार, नाटककार, पत्रकार और वक्ता भाग लेने के लिए उतावले हैं।कई सत्रों में आयोजित इस मगही महा उत्सव से आम लोगों को भी मगध की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत से सीधा साक्षात्कार हो रहा है। पाठकों के लिए सैकड़ों नामचीन लेखकों की पुस्तकें स्टाल पर उपलब्ध है, जिसमें गीतकार नरेन्द्र का गीत संग्रह नेहिया के छांव को पाठकों द्वारा सराही जा रही है। इस मगही महोत्सव सह मगही पुस्तक मेला में दूसरे दिन के सत्राध्यक्ष डॉ अरविंद मानव और मुख्य वक्ता नरेन्द्र प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह विशुद्ध मगही पुस्तक मेला पाठकों से सीधा संवाद करता है। इससे मगध की पुरातन एवं आधुनिक पुनर्पकाष्ठा परवान चढ़ी है और हजारों-हजार पुस्तकों से रु - ब- रु होकर जनता लाभान्वित हो रही है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि महोत्सव युवा रचनाकारों को साहित्य की मुख्य धारा में शामिल करने का साधन है और इस संसाधन को उपयोग में लाकर ही हम मगही के प्रचार और प्रसार में सहायक बन सकते हैं। केशरी नंदन मगही मंडप, नवादा की टीम में शामिल सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। टीम में शामिल सभी कलाकारों ने अपनी गीतों, गजलों और जादुई करतब दिखा कर दर्शकों का मन जीत लिया। तबले पर नरेन्द्र और हारमोनियम पर समदर्शी की जुगलबंदी के बीच मगही झूमर पर लोग झुमते दिखे। मीडिया प्रभारी वर्मा के अनुसार मौके पर उपस्थित चन्द्रमौलि कुमार, नरेन्द्र प्रसाद सिंह, अशोक समदर्शी, शैलेन्द्र कुमार, प्रमोद पाण्डेय, रामनरेश कुमार, मणिकांत मणि, धनंजय श्रोत्रिय, डॉ डी सी मिश्र, बमबम पाण्डेय सहित सैंकड़ों दर्शकों से भरी सभा प्रेमचंद की कहानी पर आधारित नाटक गोदान को देखकर आश्चर्यचकित रह गई। मंच संचालन कई दर्जन मगही पुस्तकों के रचयिता ख्याति विद संपादक धनंजय श्रोत्रिय ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।





# छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में राज्यपाल की अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध



**बुलढाणा।** राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने औरंगाबाद और भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी की ओर से एक न्यूज चैनल में छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर कथित तौर पर की गई कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियों पर रोष जताते हुए इसके विरोध में 22 नवंबर को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सचिव जयश्रीताई शेलके के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। अगर राज्यपाल वास्तव में स्वाभिमानी हैं तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। ऐसी प्रदर्शनकारियों ने जोरदार मांग की है। छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र की पहचान हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अथरापगढ़ जाति के मावलों को एक करके स्वराज की स्थापना की। उन्हें इतिहास में 'जानने वाले राजा' के रूप में जाना जाता है, एक ऐसा राजा जो रैयतों की पीड़ा से अवगत था। छत्रपति शिवराय महाराष्ट्र की शान हैं। छत्रपति शिवराय का अपमान महाराष्ट्र की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। छत्रपति शिवराय की तुलना किसी से नहीं की जा सकती। राज्यपाल कोश्यारी ने कई बार महाराष्ट्र के महापुरुषों के बारे में अपमानजनक और निराधार बयान दिए हैं। इससे पहले भी कोश्यारी ने महात्मा फुले, सावित्रीबाई फुले, छत्रपति शिवराय को लेकर इसी तरह के भद्दे बयान दिए थे। कोश्यारी में मराठी लोगों के प्रति भी गुस्सा है। कोश्यारी ने महाराष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक, ऐतिहासिक पहलुओं का अध्ययन नहीं किया है। उन्हें महाराष्ट्र और महाराष्ट्र के लोगों से कोई लगाव नहीं है। उनकी वह उबकाई उनके कई बयानों में सामने आती है। मूल रूप से भारतीय जनता पार्टी के कई नेता अक्सर इस तरह के बेतुके बयान देते हैं। और भारतीय जनता पार्टी हमेशा इनका समर्थन करने का काम करती है। दरअसल बीजेपी को महाराष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि बीजेपी ने कोश्यारी को राज्यपाल और त्रिवेदी को प्रवक्ता नियुक्त किया है। राज्यपाल कोश्यारी और भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी के बयान के विरोध में कलेक्टर कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया।

## गाजी जाहेरोश का हुआ सत्कार, गौरव पुरस्कार से नवाजा गया

**अमरावती।** हाल ही में सांस्कृतिक भवन में आयोजित ऑल इण्डिया मुशायरा में उर्दू टीचर्स एसोसिएशन (यूटीए) के विभागीय अध्यक्ष गाजी जाहेरोश का 'गौरव पुरस्कार' से सम्मानित कर सत्कार किया गया। याद रहे की गाजी जाहेरोश ने अमरावती शहर में उर्दू को बढ़ावा देने हेतु सदैव तत्पर रहते है तथा उर्दू अदब की खिदमत करने हेतु बड़े बड़े ऑल इण्डिया मुशायरे भी आयोजित किए है। उर्दू की खिदमत के मामले में गाजी जाहेरोश के विरोधी भी उनका लोहा मानते है। डिप्टी ग्राउंड पर तीन बड़े मुशायरे तथा सांस्कृतिक भवन में भी मुशायरे आयोजित किए गए जिन्हें अमरावती ही नहीं अपितु पूरे विदर्भ कि शायेरी प्रेमी जनता कभी भूल नहीं पाएंगी। इसके अलावा उर्दू टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रहेते हुए उर्दू, उर्दू टीचर्स और उर्दू शालों के लिए वह हमेशा तत्पर रहते है। उन्होंने उर्दू टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले कई सफल कार्यक्रम आयोजित किए है। उनके इन कार्यकुशलता तथा प्रयास को देखते हुए मुशायरा कमिटी ने उन्हें गौरव पुरस्कार से नवाजा। मुशायरा कमिटी के आयोजक नौशाद भाई शालीमार, साजिद सेठ, संजय तीर्थकर, हाजी रफीक, नसीम खान पप्पू के हाथो तथा मुशायरा कन्वेनर डॉक्टर जाहिद नय्यर और नियाज कशिश के द्वारा उन्हें गौरव पुरस्कार मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार से नवाजे जाने पर उर्दू टीचर्स एसोसिएशन के विभागीय अध्यक्ष गाजी जाहेरोश ने मुशायरा आयोजक और कन्वेनर का आभार व्यक्त किया।



## बाल तपस्विनी अणसीबाई का दो दिवसीय मेला 24 व 25 नवंबर को तैयारिया जोर-शोर से जारी

**हितेश सोनी (रामाजी गुडा)**

**नाडोल** कस्बे के पाली-गोमती हाइवे खारडा रोड स्थित बाल तपस्विनी अणसीबाई समाधि स्थल मंदिर पर महंत पुजारी हरजी महाराज के सानिध्य मे 24 व 25 नवम्बर को मेला आयोजित होगा। बाल तपस्विनी विकास संस्थान नाडोल के अध्यक्ष कालुराम सोनेल ने बताया कि मेले की पूर्व संध्या पर 24 नवम्बर गुरुवार रात्री को भजन संध्या कार्यक्रम होगा जिसमे गायक कलाकार अशोक झूरिया एण्ड पार्टी मारवाड जक्शन, दुर्गेश मारवाडी पाली, हेमराज गोयल पाली, मनीष परिहार तखतगढ़, संदीप सेजू, प्रभु माधव, गोपी किशन के भजनो पर नृत्यकलाकार प्रस्तुतिया देगे कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के जन अभाव अभियोग निराकरण समिति अध्यक्ष पुखराज पराशर, केबिनेट मंत्री पाली जिला प्रभारी मंत्री टीकाराम जूली, सिरोही विधायक मुख्यमंत्री सलाहकार संयम लोढा, पाली के पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड, केबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल, एससी वित्त कराधान अध्यक्ष निगम अध्यक्ष शंकरलाल यादव, मारवाड ज. विधायक खुशवीरसिहं जोजावर, बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिहं राणावत, जैसलमेर विधायक रुपाराम धणदे, बिलाडा विधायक हिरालाल मेघवाल,एससी आयोग उपाध्यक्ष सचिन विष्णुदेव सर्वटे, पूर्व राज्यमंत्री गोपाराम मेघवाल, पूर्व विधायक आत्माराम मेघवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य खेतसिहं मेडतिया, वि.प्र.बोर्ड सदस्य राज.सरकार भैरूसिहं राजपुरोहित,कांग्रेस नेता जस्साराम के. राठौड, रतन जणवा, जोगाराम सोलंकी, बाडमेर के पूर्व प्रधान ओमाराम रमणिया, घनश्याम मेघवाल जोधपुर, देसूरी प्रधान संगीता कंवर राजपुरोहित, नाडोल सरपंच फूलकंवर राजपुरोहित,कांग्रेस नेता मुन्नालाल मेंशन,देसूरी सरपंच संघ अध्यक्ष चन्द्रशेखर मेवाडा,नाडोल पूर्व सरपंच यशोदा वैष्णव,जिला कलक्टर नमित मेहता, पुलिस अधीक्षक गगनदीप सिंगला, पुलिस उपअधीक्षक श्रवणदास संत, सिरोही के अतिरिक्त कलक्टर कालुराम खौड, मारवाड ज. उपखण्ड अधिकारी सुरेश मेघवाल, देसूरी थानाधिकारी सी.आई मुकेश मेघवाल,सार्वजनिक निर्माण विभाग पाली के अधिशांषी अभियन्ता लच्छाराम वाघेला, रानी थानाधिकारी महेन्द्रसिहं खिंची, खिवाडा थानाधिकारी टीकमाराम मेघवाल, जालोर खण्ड कृषि विभाग निदेशक वी.आर सोलंकी, पोकरण तहसीलदार रणछोडलाल सोलंकी, पूर्व विकास अधिकारी घीसाराम बामणिया चाचौडी, जिला परियोजना अधिकारी हिम्मतमल डांगी बाली, चाईल्ड विजन फा मुंबई सुरज गेहलोत सालरिया, रेवदर पूर्व प्रधान पूजाभाई डाबी, समाजसेवी कजोरीलाल उदयपुर,राष्ट्रीय मेघवाल प्रदेश मंत्री अहमदाबाद कुकाराम पंवार आइचिया, इंजीनीयर पीयूष देपन जोधपुर आदि शिरकत करेगे।



# तारा माँ चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया स्वागत





**मुंबई।** २२/११/२०२२, मांगलवार, एक भारत, श्रेष्ठ भारत के उद्देश्य के साथ २६/०९/२०२२ के दिन लाल चौक श्रीनगर, जम्मू कश्मीर से बीस रोलर स्केट चलाते हुए एक टीम कश्मीर से कन्या कुमारी तक के प्रवास पर चली है, ५६ दिन और तकरीबन ३००० किलोमीटर की सफल प्रवास के बाद यह टीम आज मुंबई पहुंची, तारा माँ चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ उत्तर मुंबई गुजराती विभाग के अध्यक्ष श्री धर्मेश जोशी जी, आत्मनिर्भर भारत अभियान के कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री राम कुमार पाल जी, रॉटरी क्लब के श्री राजेश चौरसिया जी एवं श्री महेंद्र मोदी जी द्वारा भारत की साहसी बिटिया सोनी चौरसिया जी एवं उनकी २० साहसी टीम का स्वागत किया गया और एक विशेष कार्यक्रम में, महावीर नगर स्थित प्राइस जिम खाना के प्रांगण में उत्तर मुंबई के लाडीले सांसद श्री गोपाल शेट्टी जी के करकमलों से सारी टीम के सदस्यों का बहुमान कराया गया। इस अवसर पे उत्तर मुंबई गुजराती विभाग के सदस्य, उत्तर मुंबई जिला के अध्यक्ष श्री गणेश खनकर जी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मिसेज एशिया यूनिवर्स २०१७ की विजेता श्रीमती पिंकी जी भी उपस्थित थी। श्री गोपाल शेट्टी जी की सहायता एवं पावन धाम की कमिटी की सहायता से पूरी टीम के एक दिवसीय आवास एवं भोजन का प्रबंध पावन धाम महावीर नगर में किया गया। श्री राम कुमार पाल जी, धर्मेश जी, श्री महेंद्र मोदी जी एवं कल्पना मेनन जी ने सोनी चौरसिया जी को २५,००० नगद की भेट उनके आगे के प्रवास के लिए दी।

## दिवा में बहुजन समाज पार्टी की ओर से पानी के लिए अनिश्चितकालीन धरना



**ठाणे।** बहुजन समाज पार्टी दिवा सिटी की ओर से दिवा डंपिंग एवं दिवा वार्ड समिति के सहायक आयुक्त श्री फारूक शेख एवं दिवा जलापूर्ति विभाग में नागरिकों को होने वाली पानी की समस्या के लिए कुछ माह पूर्व वार्ड समिति में 'जल आवाच मोर्चा' का आयोजन किया गया था। श्री वाघिरे ने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि कहा गया है कि नई पाइप लाइन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा तथा इस कार्य के लिये पानी की पाइप आये हुये लगभग 2 माह हो गये हैं, फिर भी पानी डालने का कार्य पाइप चालू नहीं हुआ है और नगर निगम प्रशासन ने झूठा जवाब देकर बहुजन समाज पार्टी और साबे वासियों को ठगा है। पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। संदीपजी ताजने के आदेश पर बहुजन समाज पार्टी की ओर से 17 नवंबर 2022 से जल लाइन बिछाने का कार्य शुरू होने तक, बहुजन समाज पार्टी की ओर से राष्ट्रीय विद्यालय के बगल में, दिवा शील रोड के बगल में, गणेश मंदिर रोड डंपिंग में, बहुजन समाज पार्टी की ओर से समाज पार्टी को क्षेत्र के लोगों को समय पर पानी उपलब्ध कराने की भी चेतावनी दी है दिवा वार्ड कमेटी दी गई है। अशोक सिद्धार्थ (राष्ट्रीय क्षेत्र प्रभारी) माननीय. नितिनसिंह जाटव सह (प्रभारी महाराष्ट्र प्रदेश), माननीय. संतोषजी भालेराव (अध्यक्ष ठाणे जिला) प्रशांत जी इंगले (महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी), श्री दीपकभाऊ खंडारे (ठाणे शहर सचिव) श्री नागेशजी जाधव, डॉ पीबी गौतम, श्री प्रमोद खंबे, बबंददा म्हात्रे, उदयताई दाभाडे, माननीय. विकास पोहरकर, मान. हंसराज गौतम माननीय राम गौतम माननीय राजेंद्र जायसवार, माननीय। शैशनाथ भारती, मुकेश जायसवार, नागेश गामरे, पंकज जायसवार, सुनील पथवा, राहुल कांबले, संतोष कुमार मौर्य, रमेश गौतम, संदीप गौतम सहित अन्य महिला एवं पुरुष पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।




दैनिक मुंबई हलचल

**जरुरी सूचना**

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कानपुर साउथ में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में अव्वल आईपीएस प्रमोद की कर्तव्यनिष्ठा, मुठभेड़ में शातिर गिरफ्तार

## फायर कर भाग रहे शातिर चोर से दरोगा का चुराया गया पिस्टल, कारतूसों समेत सभी सामान बरामद

**मुंबई हलचल/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां दरोगा की चुराई गई पिस्टल को बरामद कराने के दौरान उसी पिस्टल से हत्या के इरादे से पुलिस पर फायर करना शातिर अपराधी चोर को बड़ा महंगा पड़ा। इस चक्कर में पुलिस से हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के फलस्वरुप पुलिस अभिरक्षा में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार न्यूरी स्थित जंगल में छिपी पिस्टल और कारतूस की बरामदगी के दौरान गिरप्तार किये गये इस शातिर चोर अपराधी ने लोड पिस्टल से पुलिस पर फायर झोंककर भागने लगा, जिसके जवाब में पुलिस ने भी आरोपित के पैर में गोली मार उसे भागने के पहले ही गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त करली। इस घटना की जानकारी पर कमिश्नर बीपी जोगदंड समेत सभी अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अवगत कराते चलें कि न्यू आजाद नगर पुलिस चौकी से प्रभारी सुधाकर पांडेय का ताला लगा बक्सा बीते नौ और दस नवंबर की देर रात चोर ले गए थे। इसी बक्से में चौकी प्रभारी की पिस्टल, 10 कारतूस, वर्दी, दो मोबाइल, कुछ नकदी और जरूरी दस्तावेज भी थे। इस दौरान चोरों ने कुछ दूरी पर स्थित एक कबाड़ की दुकान के पीछे बक्से का ताला तोड़कर वर्दी और दस्तावेज जलाने के बाद नकदी समेत पिस्टल, कारतूस और दो मोबाइल साथ ले



गए थे, जिसके बाद घटना के जल्द खुलासे के लिए यहां की वह दक्षिण पुलिस कठोर परिश्रम के साथ लगातार जुटी हुई थी। आजकल जिसकी कमान अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के स्वाभिमानी स्वभाव वाले उन तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी जुझारू आईपीएस प्रमोद कुमार के हाथ में है, जिनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में सफल हो चुकी है। चोरी की इस सनसनी खेज घटना में चुराये गये पिस्टल कारतूसों समेत सभी सामान की बरामदगी के साथ ही इस शातिर चोर को भी गिरफ्तार कराने में सफल रहने वाले कर्मठ आई पी एस प्रमोद कुमार की जहां तक डीसीपी साउथ के रूप में चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है, उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है। यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद जुझारू तेवरों वाले आई पी एस प्रमोद कुमार के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले सरल और शालीन स्वभाव के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले आई पी एस प्रमोद कुमार ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। शायद यही वजह है कि उनके तीखे तेवर अपराधी अराजक तत्वों में भय का कारण भी बने हुए हैं।

# महात्मा गांधी विद्यालय शिवगंज ने रिकॉर्ड 12 शील्ड जीतने पर कोच गहलोत का सम्मान किया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवगंज ने 66 वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता 2022-23 में कुश्ती, जूडो, बॉक्सिंग, पॉवर लिफ्टिंग, तीरंदाजी, फुटबॉल में 14 एवं 17 वर्ष वर्ग कें छात्र-छात्राओं ने जिले में रिकॉड 8 जिला चेम्पियनशीप, 3 द्वितीय एवं 1 तृतीय सहित कुल 12 शील्ड जीत कर विद्यालय का नाम रौशन करने वाले कोच एवं शारीरिक शिक्षक धर्मेन्द्र गहलोत का खिलाडियों एवं विद्यालय परिवार ने प्रधानाचार्य हेमलता चौधरी की उपस्थिति में माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील)के प्रदेश मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार प्रधानाचार्य हेमलता चौधरी ने बताया कि 66 वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता कुश्ती, जूडो, बॉक्सिंग, पॉवर लिफ्टिंग, तीरंदाजी, फुटबॉल ने 14 एवं 17 वर्ष वर्ग में जिले में



रिकॉड 8 जिला चेम्पियनशीप, 3 द्वितीय एवं 1 तृतीय सहित कुल 12 शील्ड जीत कर कितीर्मान स्थापित किया। विजेता खिलाडियों ने जिले का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व कर अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में कोच एवं शारीरिक शिक्षक गहलोत का छात्र-छात्राओं का फुलमालाओं से विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया। साथ ही स्थानीय विद्यालय के 14 वर्ष बॉक्सिंग खेल में विजेता छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन होने पर भव्य स्वागत किया।मीडिया प्रभारी वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर छगनलाल भाटी, महेन्द्रपाल परमार, भंवरलाल हिण्डोनिया, नितेश शर्मा, मुकेश कुमार, कुलदीपसिंह कविराज, मनीष शर्मा, रमेश कुमार, कुपाराम, विनोद कुमार, संदीप कुमार, डॉ.दिनेशकुमार, कुलदीप बांगडा, आदित्य चौधरी, गुलाब चन्द, सुरजीतसिंह कविया सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भव्य स्वागत किया।मीडिया प्रभारी वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर छगनलाल भाटी, महेन्द्रपाल परमार, भंवरलाल हिण्डोनिया, नितेश शर्मा, मुकेश कुमार, कुलदीपसिंह कविराज, मनीष शर्मा, रमेश कुमार, कुपाराम, विनोद कुमार, संदीप कुमार, डॉ.दिनेशकुमार, कुलदीप बांगडा, आदित्य चौधरी, गुलाब चन्द, सुरजीतसिंह कविया सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भव्य स्वागत किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करें सरकार उस्मान




**संवाददाता/नदीम अख़्तर**

**किसान** यूनियन ने विकास भवन में प्रदर्शन कर सोंपा ज्ञापन, राष्ट्रीय आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विकास भवन परिसर में एकत्रित हुए और प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल को सौंपा इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जहां एक और केंद्र तथा राज्य सरकार है किसान हितेषी होने का झूठा दावा कर रहे हैं वही असलियत यह है कि उत्तर प्रदेश में नया पेराई सत्र शुरू कर दिया गया और गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया कैसी विडंबना है कि किसान अपना गन्ना चीनी मिलों को दे रहा है लेकिन उसको यह नहीं मालूम कि उसका गन्ना किस मूल्य पर जा रहा है सरकार की यह नीति किसान विरोधी रवैया दर्शा रही है गन्ना मूल्य 450 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाए उन्होंने आगे कहा रवि फसलों की बुवाई का सीजन चल रहा है और फास्फेटिक उर्वरक किसी भी समिति के पास पर्याप्त मात्रा में नहीं है जिसका फायदा खाद माफिया मनमाने दामों में एनपीके और डीएपी उर्वरक बेचकर उठा रहे हैं उन्होंने उर्वरक की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष शाकिर अली अल्वी मुशाहिद हुसैन मोहम्मद याकूब अयूब मलिक टीकाराम कमाल पाशा फुरकान पाशा साहिल पाशा आदि लोग मौजूद रहे।

# रिवर्तनकारी शिक्षक संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त: कपिल कुमार

**मधुबनी।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल, थाना मोड़, मधुबनी पर वेतन भुगतान हेतु चल रहे शिक्षकों के आमरण अनशन के तीसरे दिन जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बिस्फी अनशनकारियों से वार्ता हेतु उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि आपलोगों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका जो वर्तमान में राज्य अपीलीय प्राधिकार में स्थानांतरित है, में आदेश प्राप्त हुआ है कि चार सप्ताह के समय सीमा में जांचोउपरांत अग्रेतर



कार्रवाई करते हुए राज्य अपीलीय प्राधिकार को प्रतिवेदित करें। उक्त अभिकथन के साथ न्यायिक आदेश की छाया प्रति संलग्न करते हुए अनशन समाप्त करने का अनुरोध पत्र दिया गया। न्यायादेश एवं पत्र के अवलोकन उपरांत सर्वसम्मति से अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात अनशनकारियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी के द्वारा जूस पिला कर अनशन समाप्त कराया गया। इस मौके पर विकास कुमार, कपिल कुमार, रघुनाथ यादव, रंजन ठाकुर, बलराम कुमार यादव, आलोक कुमार, श्याम कुमार, दीपेंद्र कुमार झा, अरुण कुमार पासवान, सुधीर यादव, विजय शंकर ठाकुर, इत्यादि उपस्थित थे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# बचपन से ही करें आंखों की, तेज रहेगी नजर !

पहले समय में बढ़ती उम्र के लोगों में आंखों से संबंधी समस्याएं सुनने और देखने को मिलती थी लेकिन आजकल कम उम्र के बच्चों में यह समस्या आम दिख रही है। ऐसा बदलते लाइफस्टाइल और लोगों के खान-पान में बदलाव होने के कारण होता है। बच्चे अपना ज्यादातर समय टी.वी, कंम्प्यूटर पर आंखें गड़ाए रखते है और पौष्टिक आहार से कोसो दूर रहते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को उनकी आंखों की खास देखभाल करने की जरूरत है। अगर बचपन से ही बच्चे की आंखों पर ध्यान दिया जाएं तो आगे चलकर इनसे संबंधित कई तरह की समस्याओं से बचा सकता है।

**1. आहार**
संतुलित आहार, जिसमें लाल और हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, गाजर, चुकंदर और पीले फल जिसमें शामिल हैं आम, पपीता जो कैरोटीन से भरपूर है जो बच्चों के लिए फायदेमंद होते है।

**2. टी.वी देखना**
बच्चे को ज्यादा देर तक टी.वी के पास न बैठने दें। टी.वी को अच्छी रोशनी वाले कमरे में रखें और अपने से 3.5 मीटर की दूरी पर इसको रखें।

**3. कंम्प्यूटर का उपयोग**
बच्चों को इसका इस्तेमाल विवेकपूर्ण ढ़ंग से करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि आंखें थके नहीं। कंम्प्यूटर की स्क्रीन आंख के स्तर से नीचे होनी चाहिए, जिससे आंखों की रोशनी बनी रहती है और थकावट दूर रहती है।

**4. आंखों को बार-बार हाथ लगाना**
स्कूली बच्चों में एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस होता है इसलिए बच्चों को आंखों को बार-बार पोछने से मना करना चाहिए।

**5. नियमित अन्तराल**
पढ़ने, कंम्प्यूटर पर कार्य करने और ऐसे ही अन्य आंखों से होने वाले कार्यों के लिए नियमित अंतर बनाए रखें।

## आप भी लेते हैं हॉट शॉवर, हो जाएं सावधान!

कुछ लोग सर्दी की शुरूआत से ही गर्म पानी से नहाना शुरू कर देते हैं। गर्म पानी से नहाना हर किसी को पसंद होता है क्योंकि इससे मांसपेशियां की अकड़ कम होती है। गर्म पानी से नहाने से जहां ठंड से राहत मिलती है वहीं इससे कई समस्याएं भी पैदा होती है। यह त्वचा और बालों को नुकसान पहुंचाता है इसलिए सर्दियों में हॉट शावर अधिक समय तक न लें। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ती है लोग गर्म पानी का इस्तेमाल अधिक करने लगते हैं। इसी के साथ लोग अधिक गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं, जिससे त्वचा को नुकसान पहुंचता है। दरअसल, अधिक गर्म पानी से नहाने से शरीर की ऊपरी सतह पर मौजूद ऑयली परत हट जाती है। ये सतह हमारी त्वचा के लिए बहुत जरूरी है, क्योंकि यह त्वचा में होने वाले दूसरे संक्रमण से बचाव करती है। इस लेयर के हटने के बाद त्वचा के संक्रमण होने की संभावना बढ़ जाती है। अधिक समय तक हॉट शावर लेने से कई बार चेहरे और होंठों पर सूजन भी आ जाती है।

# घर पर ही करें हार्मोंस बैलेंस

हेल्दी रहने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल जरूरी है,हार्मोंस के असंतुलन से हेल्दी लाइफस्टाइल के बावजूद वजन बढ़ सकता है। हमारी भूख, नींद,मूड से लेकर सेक्स लाइफ तक हार्मोंस द्वारा प्रभावित होती है।ऐसे में जब भी हार्मोंस का असंतुलन होता है, तो इससे शरीर को हर वक़्त थकान महसूस होती रहती है। इंफर्टिलिटी,पाचन से जुड़ी समस्याएं और कई मानसिक समस्याएं भी हार्मोंस में बदलाव के कारण होती हैं।हमारा स्वास्थ्य बिगड़ता है तो हमारे शरीर में बहुत जरूरी है कि हार्मोंस का संतुलन बना रहे, ताकि हम हमेशा स्वस्थ और फिट रहें। ऐसे में कुछ घरेलू तरीके अपनाकर आप अपने हार्मोंस को बैलेंस रख सकते है....



▶अपनी डाइट में कैफीन की मात्रा को कम करें।चाय-कॉफी को सीमित मात्रा में ही लें।

▶ नारियल तेल को अपने डायट में शामिल करें। यह हार्मोंस के संतुलन करने में मदद करता है। यह वजन को भी नियंत्रित करता है।

▶योग व प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।आप वॉकिंग और जॉगिंग भी कर सकते हैं।

▶ गाजर,ब्रोकोली, पत्तागोभी व फूलगोभी जैसी सब्जियों को अपनी डाइट में लें।इनमें मौजूद फाइबर टॉक्सिन्स को कंट्रोल करके हार्मोंस को बैलेंस करता है।

▶ पानी की कमी भी हार्मोंस के असंतुलन का कारण बनती है।पानी को उचित मात्रा में पीएं।

▶ अलसी हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है।इसके 2-3 टीस्पून अपनी डाइट में लें।

▶दही हमारे शरीर में हेल्दी बैक्टीरिया के संतुलन को बनाए रखता है और बहुत-से हार्मोंस को भी संतुलित रखता है।

# पति बनने से पहले छोड़ दे अपनी ये 6 आदतें

लड़के खुले मिजाज के होते हैं जो बिना किसी रोक-टोक के कहीं भी घूम सकते हैं, किसी के साथ भी दोस्ती कर सकते हैं। उन्हें किसी की परवाह नहीं होती लेकिन ऐसा शादी के पहले तो ठीक है। जब शादी हो जाएं तो इनको अपनी इन आदतों में बदलाव करना पड़ता हैं क्योंकि शादी का अनुभव हर एक व्यक्ति के जीवन में कोई न कोई बदलाव जरूर लाता हैं। कुवारेंपन की जिंदगी की तरह ही शादीशुदा जिंदगी को जीना लड़कों और लड़कियों के जीवन में कठिनाईयां आ सकती हैं। इसलिए अपने इस नए शादीशुदा रिश्ते को खुशहाल और निरुत्साहित होने से बचाने के लिए अपने कुंवारेपन की कुछ आदतों को बदल लें। आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताएं जिन्हें आपको पति बनने से पहले ही छोड़ देना चाहिए।



### चाबियों और मोजों पर ध्यान

*सभी पत्नियां चाहती हैं कि उनका पति जिम्मेदार हो। अपनी सभी चीजों का ध्यान रखें। छोटी-छोटी चीज के लिए मुझ पर निर्भर न हो। अगर आप अपनी इन छोटी जिम्मेदारी को पूरा करेंगे तो पत्नी आपकी तारीफ करेंगी।*

### स्पोर्ट्स और वीडियो गेम्स

*कुछ मर्दों की आदत होती हैं, काम से वापस आकर टी. वी. या गेम्स खेलने में व्यस्त रहना। मर्दों को अपनी इस आदत को पति बनने से पहले छोड़ दोना चाहिए क्योंकि पत्नियां चाहती है कि आप उनकी तरफ ज्यादा ध्यान दें।*

### दोस्तों के साथ अधिक समय बिताना

*शादी के बाद कभी-कभार दोस्तों के साथ घूमने पर पत्नी गुस्सा नहीं करती लेकिन अगर आप रोज-रोज अपना खाली समय अपनी बीवी के साथ न बिताकर, दोस्तों के साथ व्यस्त रहते है तो इससे आपके रिश्ते में मन-मिटाव आ सकता है।*

### घर को फैलाना बंद करें

*शादी के बाद अपने तौलिये से लेकर आपकी गंदी टी शर्ट को पलंग पर फैलाकर रखना बंद कर दें। चीजों को बिखेरने के बजाएं पत्नी के साथ मिलकर घर की साफ-सफाई करें ।*

### घर को रेस्टारेंट न समझें

*आपकी पत्नी आपके घर की कुक या वेटर नहीं है। वह दिन भर आपके घर के काम करने और आपको खाना परोसने के लिए नहीं आई है। इसलिए उसे ऑडर देने के बजाएं उसकी मदद करें।*

### लड़कों के तरफ की बात करना

*शादी के बाद पत्नी ही आपकी अच्छी दोस्त होती है लेकिन फिर भी आप पूरा समय लड़कों की तरफदारी करने में लगे रहते है तो अपनी इस आदत को बदल दें।*



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर





# मीरा को कि वो शर्म से हुईं लाल- लाल?

**बॉलीवुड** एक्टर शाहिद कपूर हमेशा से सोशल मीडिया अपनी वीडियोज और फोटोज को लेकर चर्चा में रहते हैं। हाल ही शाहिद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 'जर्सी' एक्टर अपनी पत्नी मीरा से अजीबोगरीब सवाल पूछते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहिद कह रहे हैं, आपकी मुझे लेकर सबसे पसंदीदा चीज क्या है?'तो इस पर मीरा कहती हैं, 'मैं खुद।' मीरा का जवाब सुनकर शाहिद कहते हैं कि गंभीर होकर बताओ। तो इस पर मीरा कहती हैं, कि आप आखिरकार जीन्स पहनने लग गए हैं। मीरा की बात सुनकर शाहिद कहते हैं कि क्या आपको मेरी टांगे अच्छी नहीं लगती,शाहिद की बात सुनकर मीरा राजपूत एक्टर पर गुस्सा करने लगती हैं और कहती हैं कि इसे जल्दी बंद करो। शाहिद का यह वीडियो लगातार वायरल हो रहा है। फैंस लगातार इसपर अपनी खास प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, यह बहुत ही प्यारा है यार। तो वहीं एक दूसरे लिखते हैं, मुझे यह बहुत पसंद आया।

# विक्की कौशल ने सबके सामने खोला अपना सीक्रेट



**बॉलीवुड** के हैंडसम और लाखों दिलों पर राज करने वाले विक्की कौशल इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल विक्की कौशल इन दिनों अपनी फिल्म 'गोविंदा मेरा नाम' का प्रमोशन करने में जुटे हुए हैं। ये एक कमेडी जॉनर की फिल्म हैं। और इसी वजह से विक्की इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। क्यों की विक्की पहली बार इस तरह की फिल्मों में नजर आने वाले हैं। लेकिन इस सब से हटकर फिल्म के प्रमोशन के दौरान विक्की ने कुछ ऐसा खुलासा कर दिए है जिसे सुन आपके भी होश उड़ जाएंगे। दरअसल विक्की कौशल अपनी इस फिल्म के प्रमोशन के लिए छोटे परदे का फेमस डांसिंग रियलिटी शो झलक दिखला जा के मंच पर पहुंचे थे। जहां विक्की ने सबके सामने अपने बाथरूम के कुछ सीक्रेट्स रिवील कर दिए। जिसे सुनने के बाद वहां मौजूद सभी लोग आश्चर्य हो गए थे। दरअसल विक्की ने बने बाथरूम सीक्रेट्स के बारे में बात करते हुए कहा की उन्होंने हमेशा इंटेंस रोल्स किए हैं लेकिन उन्हें डांस का बहुत शौक है। फिल्मों में डांस का मौका नहीं मिल पाता है तो वह बाथरूम–बेडरूम में ही डांस कर लेते हैं। विक्की कहते हैं, लोग बाथरूम सिंगर होते हैं, मैं बाथरूम डांसर हूं' विक्की कौशल ने रियलिटी शो पर बताया, उन्हें डांस करना हमेशा से पसंद रहा है, यही कारण है कि उनकी क्रश भी माधुरी दीक्षित थीं।

# वरुण की ये आदत कृति को बिलकुल नहीं है बर्दाशत



**वरुण धवन** और कृति सेनन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भेड़िया' के प्रमोशन में बिजी है। कुछ समय पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसे दर्शकों से जबरजस्त रिस्पॉन्स मिला। इस फिल्म में वरुण धवन एक इच्छाधारी भेड़िया के रोल में नजर आने वाले है, जिस किरदार में उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। इस फिल्म के रिलीज होने का इंतजार हर कोई कर रहा है और ये फिल्म जल्द ही रिलीज भी होने वाली है। वरुण और कृति फिल्म 'भेड़िया' के प्रमोशन के लिए पूरी मेहनत से जुटे हुए है। हर दिन अलग अलग शहरों में जाकर ये दोनों अपनी फिल्म को लोगों से देखने की अपील कर रहे है। इसी प्रमोशन के दौरान हाल ही में कृति ने वरुण की एक ऐसी आदत बताई जो उन्हें बिलकुल भी पसंद नहीं है। फिल्म के प्रंमोशन के दौरान जहां एक तरफ तो वरुण और कृति काफी मस्ती करते नजर आए तो वहीं, कृति ने वरुण धवन से जुड़ी हुई कई बातों का खुलासा किया जो शायद इससे पहले किसी को भी पता नहीं होगी। कृति ने कहा कि वरुण की कुछ ऐसी आदतें है जिन पर उन्हें काफी गुस्सा आता है, जैसे कि वरुण कॉल का जवाब नहीं देते हैं और फोन पर बातचीत की शुरूआत में हैलो और लास्ट में गुड बाय कभी नहीं कहते हैं। वरुण धवन की इस आदत से कृति सेनन काफी ज्यादा चिढ़ती है और इस बात का खुलासा खुद उन्होंने ही किया। कृति सेनन और वरुण धवन काफा अच्छे दोस्त है और दोनों की बॉन्डिंग भी काफी जबरजस्त है।